## महत्वपूर्ण एवं खास

### करमा में रायपुर और कबीरधाम को मिला प्रथम स्थान

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ राज्य युवा महोत्सव में करमा के कलाकारों की प्रस्तुति ने सभी को आकर्षित किया। साइंस कालेज मैदान के मुख्य मंच में आयोजित करमा नृत्य प्रतियोगिता में राज्य के कलाकारों ने अपनी शानदार प्रस्तुति से लोगों में अपनी छाप छोड़ी। अलग-अलग आभूषणों के साथ, सजी-धजी रंग बिरंगे परिधानों में करमा के कलाकार देखने वालों को खूबसूरत तो लग ही रहे थे, उनकी पारम्परिक नृत्य शैली भी सभी को भा रही थी। मांदर, झांझर के साथ छत्तीसगढ़ की कला और संस्कृति पर आधारित स्थानीय बोली व भाषा में प्रस्तुत गीत और करमा नृत्य दर्शकों को ताली बजाने के लिए मजबूर कर रही थी। करमा नृत्य प्रतियोगिता में 15 से 40 साल के आयु वर्ग में 17 जिलों के कलाकारों ने भाग लिया। जिसमें प्रथम स्थान रयपुर जिला, द्वितीय स्थान जशपुर और तृतीय स्थान सरगुजा जिला को मिला।

### सौरभ कुमार बने रायपुर नगर निगम के नये आयुक्त

» शिवअनंत तायल बने बेमेतरा कलेक्टर

**रायपुर(आरएनएस)।** भारतीय प्रशासनिक सेवा के अफसर सौरभ कुमार को रायपुर नगर निगम का आयुक्त बनाया गया है। उन्हें शिव अनंत तायल के जगह आयुक्त बनाया गया है। वहीं श्री तायल को जिला बेमेतरा का कलेक्टर बनाया गया है। सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव डा. कमलप्रीत सिंह ने इस संबंध में आज आदेश जारी किया गया है। जिसके अनुसार सौरभ कुमार को रायपुर नगर निगम का नया कमिश्नर बनाया गया है। इससे पूर्व सौरभ कुमार के पास सचिव महिला एवं बाल विकास एवं अतिरिक्त प्रभार संयुक्त सचिव स्कूल शिक्षा विभाग थे।

### अवैध शराब के साथ युवक गिरफ्तार

»10 पाव देशी शराब जब्त

**रायपुर (आरएनएस)।** अवैध शराब के साथ पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके पास से 10 पाव देशी मदिरा जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार देवेंद्र नगर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर फाफाडीह शराब दुकान के पास अवैध शराब बेचने के जुर्म में शेखर क्षत्री 29 वर्ष पिता डमरू क्षत्री निवासी शीतला मंदिर के पास पंडरी को गिरफ्तार कर उसके पास से दस पाव देशी शराब जब्त किया है। आरोपी के आबकारी एक्ट की धारा 34-1 के तहत कानूनी कार्रवाई की गई है।

### तार चोरी करते चोर गिरफ्तार, मामला दर्ज

**रायपुर (आरएनएस)।** चोरी करने मिन्टू पब्लिक स्कूल के सामने फैंसिंग के अंदर प्रवेश कर तार काटते चोर को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। न्यू चंगोराभाठा डीडी नगर रायपुर निवासी अमन प्रताप सिंह 32 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि मिंटू पब्लिक स्कूल के सामने एटीसी टॉवर फैंसिंग के अंदर प्रवेश कर तार काट रहा चोर मुकेश नारायण 19 वर्ष निवासी कुकुरबेड़ा सरस्वती नगर को पुलिस ने चोरी करते घटनास्थल से गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ धारा 379, 447, 511 के तहत अपराध कायम कर मामला दर्ज किया गया है।

### उधार में दिये 30 लाख रुपये वापस नहीं करने पर पड़ोसी के खिलाफ थाने में रिपोर्ट दर्ज

**रायपुर (आरएनएस)।** पड़ोसी ने बिजनेस के लिए एग्रीमेंट कर लाखों रुपये लिया, समय अवधि निकल जाने के बाद भी रुपये नहीं लौटाए जाने की रिपोर्ट कोतवाली थाने में दर्ज की गई है। जानकारी के अनुसार पीटीआई बिल्डिंग बूढ़ापारा कोतवाली निवासी मोहम्मद समूशीदन 42 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि प्रार्थी का पड़ोसी भरतराज देव निवासी बूढ़ापारा ने व्यापार के लिये 30 लाख 05 हजार बोलकर लिया था। इसके एवज में 3 महीने के अंदर रुपये लौटाने के नाम पर एंग्रीमेंट किया था पिछले 25 सालों से आरोपी के साथ जान पहचान होने के चलते झांसे में आकर रुपये दिया था घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 420 के तहत धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया है।

### ट्रक लेकर फरार आरोपी महासमुंद में पकड़ाया, मामला दर्ज

रायपुर,14 जनवरी (आरएनएस)। गिट्टी से लोड ट्रक खड़ी कर बिल्टी बनाने गये व्यक्ति का ट्रक लेकर युवक फरार हो गया। दो दिन बाद महासमुंद से ट्रक ड्राइवर ने युवक को ट्रक समेत पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। घटना की रिपोर्ट मंदिर हसौद थाने में दर्ज की गई है।

# कबड्डी पुरूष में दुर्ग और खो-खो महिला वर्ग में महासमुन्द ने लहराया परचम

» राज्य युवा महोत्सव खो-खो प्रतियोगिता पुरूष वर्ग में कांकेर और महिला वर्ग में राजनांदगांव ने मारी बाजी





**रायपुर।** राज्य युवा महोत्सव-2020 के आयोजन के अंतिम दिन रविशंकर विश्वविद्यालय खेल परिसर में खो-खो खेल में 15 से 40 वर्ष तक आयु समूह के पुरूष वर्ग की प्रतियोगिता कांकेर जिले की टीम ने जीती। कांकेर की टीम ने बालोद जिले की टीम को फायनल मुकाबले में मात दी। इस प्रतियोगिता में राजनांदगांव जिले की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेता खिलाड़ियों को अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित हॉकी खिलाड़ी सबा अंजुम खान ने पुरस्कार प्रदान किया।

इसी प्रकार खो-खो खेल में 15 से 40 वर्ष तक आयु समूह के महिला वर्ग की प्रतियोगिता में राजनांदगांव जिले के टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में दुर्ग जिले के टीम द्वितीय स्थान पर और कांकेर जिले के टीम तृतीय स्थान पर रही।

कबड्डी खेल में 15 से 40 वर्ष तक आयु समूह के पुरूष वर्ग की प्रतियोगिता में दुर्ग जिले के टीम ने बिलासपुर जिले की टीम को परास्त कर खिताब पर कब्जा किया। इस फायनल मैच में दुर्ग ने 28 और बिलासपुर ने 24 अंक हासिल किए। दुर्ग जिले की टीम ने 4 अंकों के अन्तर से बिलासपुर की टीम को हराया। रायपुर जिले की टीम तृतीय स्थान पर रही।

खो-खो खेल 40 वर्ष से अधिक आयु समूह के पुरूष वर्ग की प्रतियोगिता में महासमुन्द जिले की टीम विजेता रही। कांकेर जिले की टीम उपविजेता का स्थान प्राप्त किया और रायपुर जिले की टीम तृतीय स्थान रही।

## टिकिट कलेक्शन का रखा रकम व जेवरात चोरी,मामला दर्ज



**रायपुर (आरएनएस)।** टिकिट कलेक्शन का रकम एवं सोने के जेवरात आफिस का दिवाल तोड़कर किसी ने चोरी कर लिया। चोरी गये कुल रकम करीब 1लाख 20हजार रुपये आंकी गई है। मिली जानकारी के अनुसार समता कालोनी आजाद चौक निवासी मुरारीलाल अग्रवाल 55 वर्ष ने खमतराई थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी है कि प्रार्थी रेलवे टिकिट काउन्टर में काम करता है,आफिस डीएम टावर के बगल रावाभाठा में है 08 जनवरी को शाम 07 बजे दिन भर के कलेक्शन रकम एवं चिल्हर पैसे रखे करेंसी नोट एवं आफि स में काम करने वाली महिला का गिरवी रखा सोना का हार, अंगूठी, टाप को टेबल के दराज में रखकर लक कर आफिस बंद करके घर चला गया था। दूसरे दिन 09 जनवरी को सुबह 08.30 बजे आफि स आया शटर का ताला सही सलामत लगा था आफि स अंदर जाकर देखा अंदर कुंदा लगने वाला दिवाल टूटा था टेबल के काउंटर टूटा हुआ था व टेबल के काउन्टर दराज में रखे करेंसी नोट 100 रू का एक गड्डी 10 हजार व 50 का 05 गडडी 25 हजार रुपये , 20 का एक गडडी 2 हजार रुपये-, 10 रूपये का दस गडडी दस हजार रुपये कुल कलेक्शन रकम व चिल्हर 75 हजार रुपये एवं सोने का हार, अंगूठी, टाप करीब 1लाख 52 हजार रूपये को कोई अज्ञात चोर आफि स का दरवाजा तोड़कर आफि स अंदर प्रवेश कर चोरी कर लिया ।

## घुंघरू की छमछम और तबले की थाप में खूब थिरके कत्थक कलाकार



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य युवा महोत्सव में कत्थक के नर्तकों और नृत्यांगनाओं ने अपनी कलात्मकता और शानदार प्रस्तुति से सबकों सम्मोहित किया। अपनी विशिष्ट भाव-भांगिमाओं और मुद्राओं से कत्थक के कलाकर न सिर्फ हर प्रस्तुति में जान डालते रहे, पैरों में बंधी घुंघरू की आवाज और तबले की थाप में पूरे सुर, ताल व लय के साथ वे नृत्य करते नजर आए। कत्थक नृत्य में शिव तांडव, काल भैरवी, गणेश वंदना, सूर्य नमस्कार सहित अन्य विधाओं की प्रस्तुति देखने को मिली। पंडित दीनदयाल ऑडिटोरियम के मुख्य मंच में आयोजित कत्थक नृत्य प्रतियोगिता में कलाकारों की शानदार प्रस्तुति ने दर्षकों को भी थिरकने का मजबूर सा किया। छत्तीसगढ़ राज्य युवा महोत्सव अंतर्गत कत्थक नृत्य प्रतियोगिता में जिलों के कलाकारों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल द्वारा 15 से 40 साल तक के वर्ग में तेजराम को प्रथम स्थान,.को द्वितीय रानी सिंह एवं तृतीय स्थान शिवांश कुर्म एवं जान्हवी खरे को मिला। 40 साल से अधिक उम्र के वर्ग में बंटी खत्री को प्रथम, द्वितीय किरण साहू एवं रजन वर्मा को तृतीय स्थान मिला।

### फेब्रिकेशन का प्रशिक्षण 30 से शुरू

» सेडमैप द्वारा दी जायेगी छह हफ्ते की ट्रेनिंग

**कोरबा (आरएनएस)।** स्व रोजगार से जोड़ने के लिये कोरबा जिले के युवाओं को सेडमैप द्वारा फेब्रिकेशन का छह सप्ताह का निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जायेगा। यह प्रशिक्षण तीस जनवरी से शुरू होगा। प्रशिक्षण में 18 से 45 वर्ष के युवा शामिल हो सकते हैं। प्रशिक्षण के लिये आठवीं पास होना न्यूनतम योग्यता निर्धारित की गई है। इस संबंध में अधिक जानकारी और आवेदन पत्र जमा कराने के लिये छत्तीसगढ़ उद्यमिता विकास केन्द्र के डॉ राजेन्द्र प्रसाद नगर फेस.2 दुर्गा पण्डाल के पास निहारिका स्थित कार्यालय में या जिला समन्वयक तारण खुंटे से मोबाईल नंबर 94063-44179 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

## एक लाख की लूट का आरोपी तत्काल पकड़ाया



**बिलासपुर (आरएनएस)।** किसान से एक लाख रु की लूट करने वाले दोनों आरोपियों को 12 घण्टो के अंदर गिरफ्तार करने में बिलासपुर सरकंडा पुलिस ने सफलता हासिल की है । पुलिस ने आरोपियों के पास से नगद 62 हजार रु और एक मोबाइल बरामद किया है । गौरतलब है कि सीपत निवासी किसान गुलाब अपने ट्रैक्टर की क़िस्त 1लाख रु जमा करने ॥स्त्रस्त्रष्ट बैंक बिलासपुर आया हुआ था । लेकिन किसी कारणवश क़िस्त जमा नही होने पर वह अपने दोस्त के साथ अपने घर जा रहा था ।बीच रास्ते मे बारिश होने की वजह से रात में किसान अपने परिचित के घर रुक गया । लेकिन एक लाख रु देख आरोपी सरवन और रवि साहू ने गुलाब और उसके दोस्त की लाठी डंडों से पिटाई कर जेब मे रखे 1 लाख रु छिन लिए। किसी तरह जान बचाकर भागे किसान गुलाब ने सरकंडा थाने में मामले की शिकायत की जिसके बाद पूरे मामले की विवेचना के बाद पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरिफ्तार कर उन्हें जेल भेज दिया है।मंगलवार को सरकंडा पुलिस ने मामले का खुलासा करते हुए मीडिया को इसकी जानकारी दी।

### संबलपुर रेल मंडल में एन आई वर्क होने के कारण कुछ ट्रेनों का परिचालन होगा प्रभावित

**रायपुर (आरएनएस)।** दिनांक 20 जनवरी से 31 जनवरी 2020 तक ईस्ट कोस्ट रेलवे के संबलपुर मंडल में केसिंगा - कांडिल रोड-रूपरा रोड सेक्शन में एन आई वर्क होने के कारण कुछ ट्रेनों का परिचालन प्रभावित रहेगा। रद्द की गई गाडियों इस प्रकार है (1) गाड़ी संख्या 58529 - 58530 दुर्ग विशाखापट्टनम- दुर्ग पैसेंजर दिनांक 22 जनवरी से 30 जनवरी 2020 तक रद्द रहेगी। गंतव्य से पहले समाप्त होने वाली (1). गाड़ी संख्या 58207-58208 रायपुर -जूनागढ़ रोड-रायपुर पैसेंजर टिटलागढ़ में समाप्त कर दिया जाएगा।

### पुलिस परेड ग्राउंड में गणतंत्र दिवस की तैयारियां जोरशोर से जारी



**रायपुर (आरएनएस)।** राजधानी रायपुर के पुलिस परेड ग्राउंड में 26 जनवरी को मनाये जाने वाले गणतंत्र दिवस समारोह के लिए पुलिस कर्मियों को परेड का रिहर्सल कराया जा रहा है। राजधानी में होने वाले गणतंत्र दिवस समारोह के मुख्य आयोजन की तैयारियां जोर शोर से की जा रही है। समारोह में पुलिस परेड के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके लिए पुलिस मैदान में पिछले सप्ताह भर से पुलिस कर्मियों को परेड रिहर्सल कराया जा रहा है। यहां आयोजित होने वाले गणतंत्र दिवस समारोह सुबह 9 बजे से 11 बजे तक आयोजित होगा। समारोह में आयोजित होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों को लेकर भी तैयारियां की जा रही है।

## क्षमता से अधिक मवेशी रखने से मौत, पशु क्रुरता का जुर्म दर्ज



**कोरबा (आरएनएस)।** कांजी हाऊस में क्षमता से अधिक मवेशियों को रखे जाने और इनमें से कुछ मवेशियों की मौत के मामले में जांच उपरांत तहसीलदार की रिपोर्ट पर मवेशियों को रखने वाले के विरूद्ध पशु क्रुरता अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

पाली थाना व तहसील के अंतर्गत ग्राम नुनेरा में हायर सेकेण्डरी स्कूल के समीप 9 जनवरी की सुबह काफी दुर्गंध आने के कारण बच्चों को छुट्टी दे दी गई। स्कूल के पास स्थित कथित कांजी हाऊस में बड़ी संख्या में मवेशियों के मरने की सूचना व्याख्याता केदारनाथ सूर्यवंशी के द्वारा दिए जाने उपरांत एसडीएम के निर्देश पर हल्का पटवारी व सरपंच के साथ तहसीलदार विरेन्द्र श्रीवास्तव मौका मुआयना करने पहुंचे। 3 गाय एवं 3 बैल मृत पाए गए जिनका पोस्टमार्टम उपरांत पशु चिकित्सक ने जहर सेवन से मौत की संभावना व्यक्त की। यह बात सामने आई कि यहां शासकीय भूमि खसरा नंण् 66 के बड़े झाड़ के जंगल मद की भूमि में अतिक्रमण कर बनाए गए बाड़ा में गांव के बाहर के मवेशियों को अली अहमद के द्वारा अवैध रूप से रखा गया है। अली अहमद ने लगभग 50 मवेशियों को रखना बताया और सरपंच बलभद्र की सहमति से यह कार्य होने की जानकारी दी जबकि बाड़ा में 140 की संख्या में आवारा पशु रखे जाने की जानकारी तहसीलदार को ग्रामवासियों ने दी। इस पूरे मामले में जांच उपरांत अली अहमद द्वारा मवेशियों को अवैध रूप से रखने, पशुओं की तस्करी करने की आशंका व्यक्त कर आपराधिक प्रकरण दर्ज करने का प्रतिवेदन पेश किया।

## कोर्ट परिसर में युवक ने वकील पर किया हमला



» वकीलों ने आरोपी को पकड़कर किया पुलिस के हवाले

**रायपुर (आरएनएस)।** रायपुर कोर्ट परिसर में एक युवक ने वकील पर हमला कर घायल कर दिया। घटना के बाद कोर्ट परिसर में मौजूद वकीलों ने आरोपी को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया है। मिली जानकारी के अनुसार कोर्ट परिसर में नोटरी कराने आए लोचन यादव, निवासी बोरियाखुर्द ने नोटरी कराने के दौरान वकील आदित्य तिवारी के साथ विवाद कर उनके पर जानलेवा हमला कर घायल कर दिया। चोट लगने के चलते वकील आदित्य तिवारी की आंख के उपर गहरा चोट आया है। वहीं कोर्ट परिसर में मौजूद वकीलों ने युवक को हमला करता देख पकड़ लिया व घटना की सूचना पुलिस को देने पर उसे सिविल लाईन थाने में लाकर बंद कर दिया गया है।

» कलेक्टर गरियाबंद और पुलिस अधीक्षक गरियाबंद की गठित टीम ने की पुष्टि

## आवेदक ने जानकारी के एवज में मांगी 20 हजार, अपराध दर्ज

» पुलिस द्वारा मामला दर्ज की जा रही है कार्यवाही

**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्य सूचना आयुक्त एम. के. राउत ने राज्य सूचना आयोग में द्वितीय अपील की सुनवाई करते हुए आवेदक मुकेश सोनी ग्राम मैनपुर, जनपद पंचायत मैनपुर, जिला गरियाबंद के द्वारा सचिव ग्राम पंचायत मुडगेलमाल के (तत्कालीन जनसूचना अधिकारी) भोजनाथ भाटी से सूचना का अधिकार के तहत जानकारी के एवज में 20 हजार रूपए की मांग किए जाने की शिकायत पर जांच कलेक्टर गरियाबंद और पुलिस अधीक्षक गरियाबंद से कराई गई। जांच में मुकेश सोनी के द्वारा सूचना का अधिकार के तहत किए गए आवेदन की जानकारी के लिए सचिव ग्राम पंचायत मुडगेलमाल भोजनाथ भाटी से 20 हजार रूपए की मांग की पुष्टि किया जाना साबित हुआ। पुलिस द्वारा मुकेश सोनी के विरूद्ध थाना अमलीपदर में अपराध क्रमांक 59/19 भ.द.वि. धारा 385 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। मुख्य सूचना आयुक्त श्री राउत ने इस प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए दोनों पक्ष की सुनवाई के बाद आज यह निर्णय लिया कि शासन को पत्र लिखकर सभी ग्राम पंचायत के सचिवों को इसकी जानकारी दी जाए। ज्ञातव्य है कि छत्तीसगढ़ राज्य सूचना आयोग में द्वितीय अपील की सुनवाई के लिए आवेदक मुकेश सोनी ग्राम मैनपुर, जनपद पंचायत मैनपुर, जिला गरियाबंद ने सचिव ग्राम पंचायत मुडगेलमाल (तत्कालीन जनसूचना अधिकारी), जनपद पंचायत मैनपुर से सूचना का अधिकार के तहत से एक जनवरी 2015 से एक नवंबर 2016 तक की अवधि की मूलभूत राशि और 13 वें एवं 14 वें वित्त आयोग के तहत प्राप्त आबंटन और व्यय एवं कराए गए कार्यो की जानकारी मांगी थी। आयोग ने सुनवाई के दौरान सचिव ग्राम पंचायत मुडगेलमाल भोजनाथ भाटी (तत्कालीन जनसूचना अधिकारी), जनपद पंचायत मैनपुर, जिला गरियाबंद ने शिकायत किया था कि आवेदक मुकेश सोनी ग्राम मैनपुर, जनपद पंचायत मैनपुर के द्वारा उनसे आवेदन के निराकरण के लिए 20 हजार रूपए की मांग की गई। मुकेश सोनी की मांग पर सचिव के द्वारा राशि नहीं दे पाने की स्थिति में सोनी ने चेक के माध्यम से राशि देने कहा, किन्तु सचिव भोजनाथ भाटी द्वारा राशि नहीं देने पर मुकेश सोनी आयोग में द्वितीय अपील प्रस्तुत किया।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

**Social Justice Union**

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

**अधिकार से न्याय तक**

**आवश्यकता**

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गर्वनिंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

**उद्देश्य एवं नियुक्तियां**

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

**मुख्य बिन्दु**

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

**पीड़ित संपर्क करें**

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

**अन्य बिन्दु**

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवे पर्यावारण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंर्तराष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढिए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU